महापौर नीरज पाल ने पीलिया प्रभावित क्षेत्र का लिया जायजा, सीवर लाइन तत्काल प्रभाव से चेंज करने के दिए निर्देश, लोगों से मिलकर साफ एवं उबला पानी पीने की अपील, पेयजल स्थिति का भी लिया जायजा, पीलिया की रोकथाम के लिए निगम अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल ने आज पीलिया प्रभावित क्षेत्र वार्ड क्रमांक 38 का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने वार्ड के नागरिकों से साफ एवं उबला हुआ पानी पीने की अपील की। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीवर लाइन को शीघ्र ही परिवर्तन किया जाए तथा नया सीवर लाइन बिछाई जाए। इस पर सीवर लाइन बिछाने तथा चेंबर परिवर्तन करने और सीवर की पाइप लाइन बदलने का कार्य कल से प्रारंभ हो जाएगा। महापौर ने अपने निरीक्षण के दौरान नाली तथा साफ , सफाई की व्यवस्था भी देखी। उन्होंने पानी सैंपल की जांच नियमित रूप से हो रही है नहीं इसकी जानकारी अधिकारियों से ली और पानी सैंपलिंग निरंतर करने के निर्देश दिए। वार्ड में अधिकतर मकान बीएसपी क्वार्टर के बने हुए हैं जहां लोग निवासरत है। आज महापौर के निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त पूजा पिल्ले , कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े , उप अभियंता चंद्रकांत साहू एवं चंदन निर्मल आदि मौके पर मौजूद रहे।